13.07.2022

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## : कार्यालय–आदेश :

राजस्थान सरकार के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम–1996 के अंतर्गत अधीनस्थ कार्यालयों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण करने के उपरान्त राज्य सरकार के पत्रांक–प.12(1)शिक्षा–2/अनु.नियु.प्रयो.सहा./2016 दिनांक 27.03.2017 एवं 03.10.2017 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मृतक आश्रितों की संलग्न सूची के अनुसार प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के कुल 28 अभ्यर्थियों को प्रारंभिक शिक्षा विभाग के परीक्षणोपरान्त एवं अनुशंषा उपरान्त अनुकम्पात्मक नियमों के तहत नियुक्ति का अनुमोदन किया जाकर उनके नाम के संमुख अंकित जिले में पदस्थापन हेतु जिला आवंटित किया जाता है।

नियुक्ति अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व निम्न शर्तों की पालना सुनिश्चित करेंगे:–

1. मृतक आश्रितों को प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी करने से पूर्व आवेदकों की जन्मतिथि, शैक्षिक/प्रशैक्षिक योग्यता संबंधी मूल प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनकी वैधता एवं मान्यता आदि की पूर्ण जांच करें एवं योग्यता के बारे में पात्रता रखने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करें। राज्य से बाहर की डिग्रियों /प्रमाण पत्र के सत्यापन/वैधता एवं मान्यता के संबंध में सावधानी पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की जॉच करेंगे।
2. मृत राज्य कर्मचारियों के परिवार का कोई भी सदस्य केन्द्र/राज्य सरकार या कानूनी बोर्ड, संगठन/निगम जो कि पूर्णतः या भागतः केन्द्र/किसी राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में हो, के अधीन (सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के समय या आश्रित के नियुक्ति के समय पर) नियमित आधार पर पहले से ही नियोजित नहीं हो एवं न ही पूर्व में किसी आश्रित को नियुक्ति प्रदान की गई है। इस हेतु अनुकम्पात्मक नियमों के नियम–5 के अनुसार शपथ पत्र आश्रित से प्राप्त करें (मृतक की पत्नी स्वयं के लिए नियोजन प्राप्त करने पर यह नियम लागू नहीं होगा)।
3. मृतक की पुत्री की नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया है तो, उसके पदस्थापन के समय तक वह अविवाहित है, इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करें।
4. आवेदक पति/पत्नी होने पर कार्यग्रहण तिथि तक पुनः विवाह नहीं किया है, का शपथ पत्र(प्रारूप संलग्न) का शपथ–पत्र प्राप्त करें।
5. आवेदनकर्ता यदि विवाहित है तो आवेदक एवं पति/पत्नी (दोनों से) से बिन्दू संख्या–2 के अनुसार नियोजित नहीं होने का शपथ पत्र प्राप्त करें।
6. कार्मिक विभाग के परिपत्र आदेश दिनांक 27.02.2001 द्वारा जारी निर्देशों की पालना में मृतक के आश्रितों के पालन पोषण/भरण पोषण करने संबंधी शपथ पत्र प्राप्त करेंगे। कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 27.02.2001 की पालना नहीं करने की स्थिति में नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
7. दत्तक पुत्र–पुत्रियों के संबध में वैधता की जांच हिन्दू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 के प्रावधानानुसार करेंगे।
8. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ–7(1) कार्मिक (क–2) (95) दिनांक 08.04.2003 के अनुसार दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक संतान होने की स्थिति में नियुक्ति के पात्र नहीं माने जावेगे, किन्तु राज्य सरकार (डीओपी) के आदेश दिनांक 29.10.2005 के अनुसार विधवा की नियुक्ति में यह प्रावधान लागू नहीं होंगे(प्रारूप संलग्न)।
9. संलग्न सूचियों में अंकित अभ्यर्थियों को राजस्थान सिविल सेवा(पुनरीक्षित वेतनमान) नियम–2017 के अनुसार वेतन लेवल 08 में प्रोबेशनर ट्रेनी(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) के रूप में दो वर्ष के प्रोबेशन पर नियमानुसार देय नियत मानदेय रूपये 18500/–प्रतिमाह पर नियुक्ति प्रदान की जावेगी।
10. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनिज) की अवधि में फिक्स रेमुनरेशन के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के भत्ते यथा महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता, महंगाई वेतन(डीपी) विशेष वेतन, बोनस आदि देय नहीं होगा।
11. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण की अवधि को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए गणना योग्य नहीं माना जावेगा।
12. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में इन्हें कलेण्डर वर्ष में केवल 15 दिन का ही आकस्मिक अवकाश वित्त विभाग के आदेश क्रमांक–एफ–12(9)एफ.डी.(रूल्स)2017 जयपुर दिनांक 30.10.17 के अनुसार देय होगा।
13. वित्त विभाग के आदेश क्रमांकः–प.2(2)वित्त(नियम)2021 पार्ट जयपुर दिनांक 25.05.2022 एवं 26.05.2022 तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये जाने वाले आदेशों के अनुसार सामान्य प्रावधायी निधि की नियमानुसार मासिक कटौती की जावेगी।

लगातार ....02

14 प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–2021 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्त होना चाहिए।

15 संलग्न सूची में कतिपय अभ्यर्थियों के नाम/पिता का नाम/उपनाम/जन्मतिथि में सहवन से कोई त्रूटि रह गई है तो उन प्रकरणों में अभ्यर्थी के आवेदन पत्र एवं संलग्न प्रमाण पत्रों से मिलान कर अपने स्तर पर उसे दुरूस्त करें। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं मृतक कर्मचारी के राजकीय दस्तावेज में नाम/उपनाम में परिर्वतन होने पर आवेदक से शपथ–पत्र प्राप्त कर नियुक्ति आदेश जारी करें।

16 राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अन्य निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित करेंगे तथा नियुक्ति अधिकारी मृतक आश्रित के चरित्र सत्यापन संबंधित पुलिस अधीक्षक से करवाने के पश्चात् ही आदेश जारी करेंगे।

17 आवेदक द्वारा दहेज न लिए जाने का स्व घोषणा पत्र।

18 आवेदक द्वारा धुम्रपान/मद्यपान नहीं करने एवं गुटखा नहीं खाने का स्व–घोषणा पत्र अन्य घोषणाओं के साथ।

19 आवेदक द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र।

20 राज्य सरकार की अधिसूचना एफ–5(51)डीओपी/ए–II/88 पीटी जयपुर दिनांक 08.04.2015 के अनुसार नियम–5 में हुए संशोधन की पालना सुनिश्चित करें।

21 कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना दिनांक प.5(51) कार्मिक/क–2/88 पार्ट, जयपुर दिनांक 31.05.16 के अनुसार आवेदक विवाहित है तो उसकी पत्नी/पुत्र/अविवाहित पुत्री यदि पूर्व से ही (नियम–5 में यथा परिभाषित) नियोजित है, को मृतक कर्मचारी पर पूर्णतया आश्रित न होने के कारण, नियम–2(ग) के तहत आश्रित की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। फलतः ऐसे पुत्र को अनुकम्पात्मक नियुक्ति देय नहीं होगी।

22 आवेदक की सेवा–पुस्तिका में लाल स्याही से यह अंकित किया जावें कि श्री/सुश्री/श्रीमती.............. का इनके माता/पिता/पति की मृत्यु पर मृत राज्य कर्मचारी के आश्रितों के भर्ती नियम–1996 के अनुसार नियुक्ति प्रदान की गई है।

चूंकि राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2021 के अनुसार प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर सक्षम नियुक्ति अधिकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक है, अतः संलग्न सूची के अनुसार पदस्थापन 15 दिवस के भीतर जारी कर प्रति निदेशालय को एवं संबंधित अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्न : जिला आवण्टन सूची (28 अभ्यर्थी)

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

दिनांक – 13.07.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–2 )विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान–सरकार, जयपुर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ..............................को प्रेषित कर लेख है कि प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्र तत्काल अपने अधीनस्थ कार्यालयों को उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
4. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा...............................को संलग्न सूची में उल्लेखित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ..........................से प्राप्त कर प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर सीधी भर्ती वर्ष 2021–22 हेतु प्रेषित अर्थना में जिलेवार विज्ञापित पदों को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति आदेश जारी करवाकर पालना सुनिश्चित करावें एवं पद रिक्त नही होने की स्थिति में आवेदन पत्र पुनः इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवायें।
5. सहायक निदेशक, शाला दर्पण एव मोनिटरिंग अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली!
7. संलग्न– मूल आवेदन–पत्र

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/फा–2/12247/अनु.नियु./प्र.शा.स–ग्रेड–III/2022 दिनांक 13.07.2022

मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर नियुक्ति हेतु
अनुमोदित अभ्यर्थियों के जिला आवण्टन की सूची

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम, जन्म तिथि एवं शैक्षणिक योग्यता (BSER AND CBSE) | मृतक का नाम, पद एवं पदस्थापन स्थान | निधन की तिथि | आवेदक का मृतक से संबंध | आवेदन तिथि एवं आवेदित पद | आवण्टित जिले का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रविन्द्र कौर<br>12वीं विज्ञान<br>(BSER-2005)<br>DOB 01.07 1988 | स्व. श्री नत्थुसिंह<br>वरिष्ठ अध्यापक<br>महात्मा गाँधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, श्रीविजयनगर श्रीगंगानगर | 26.10.2021 | पत्नि | 20.12.2021<br>Lab Assistant | बीकानेर |
| 2 | श्री ओमप्रकाश गौड़<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2011<br>DOB 08.11.1993 | स्व. रामेश्वर लाल गौड़<br>वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ग्रेड II<br>रा उ मा विद्यालय, सांजू (डेगाना) नागौर | 06.11.2021 | अविवाहित पुत्र | 01.12.2021<br>Lab Assistant | बूंदी |
| 3 | श्री अभिषेक भट्ट<br>12वीं विज्ञान<br>CBSE-2011<br>DOB 01.04.1995 | स्व. श्रीमती निशा शुक्ला<br>अध्यापक लेवल–02<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धौरमुई (सेवर) भरतपुर | 05.07.2021 | अविवाहित पुत्र | 29.07.2021<br>Lab Assistant | बारां |
| 4 | श्री सौरभ सिंह<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2012<br>DOB 22.08.1996 | स्व. श्री भीम सिंह<br>अध्यापक लेवल–01<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलीनपुर कलां (वैर) भरतपुर | 19.09.2021 | अविवाहित पुत्र | 09.11.2021<br>Lab Assistant | बारां |
| 5 | श्रीमती बबीता कुमारी खीचड़<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2010<br>DOB 27.09.1993 | स्व श्री नगेन्द्र कुमार<br>कनिष्ठ सहायक<br>महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोकुलपुरा (पिपराली) सीकर | 22.12.2021 | पत्नि | 10.01.2022<br>Lab Assistant | जयपुर |
| 6 | श्री आशादीप पोटर<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2003<br>DOB 05.07.1985 | स्व श्रीमती सुनीता प्रजापति<br>व्याख्याता– हिन्दी<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडवा (अन्ता) बारां | 30.10.2021 | पति | 20.12.2021<br>Lab Assistant | बारां |
| 7 | श्री नरेश कुमार सैनी<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2018<br>DOB 16.12.2000 | स्व श्री शिव कुमार सैनी<br>भू–अभिलेख निरीक्षक<br>कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) वृत्त फोंगा भरथरी, तह. –सरदारशहर चूरू | 01.05.2021 | पुत्र | 21.06.2021<br>Lab Assistant | बीकानेर |
| 8 | श्री बृजेश कुमार<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2014<br>DOB 05.06.1996 | स्व. श्री वीरदत्त यादव<br>व्याख्याता<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुण्डावर, अलवर | 08.07.2021 | अविवाहित पुत्र | 30.09.2021<br>Lab Assistant | बीकानेर |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | श्री जयन्त लांमरोड़<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2019<br>DOB 19.12.2002 | स्व. श्री जगदीश राम<br>अध्यापक लेवल–01<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूदवाड़, (रियाबाड़ी), नागौर | 31.07.2018 | अविवाहित पुत्र | 23.12.2020<br>Lab<br>Assistant | जोधपुर |
| 10 | श्री पवन गुप्ता<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2019<br>DOB 02.12.2000 | स्व. श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता<br>अध्यापक लेवल–01<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमरगढ़, डांग, सपोटरा | 26.04.2021 | अविवाहित पुत्र | 05.06.2021<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 11 | श्री प्रवीण<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2007<br>DOB 14-09-1988 | स्व श्री केशरा राम<br>व्याख्याता (हिन्दी)<br>रा.उ.मा.वि. तेजपाला<br>(सम) जैसलमेर | 24.05.2021 | पुत्र<br>विवाहित | 13.08.2021<br>Lab<br>Assistant | बाड़मेर |
| 12 | श्री शुभम मित्तल<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2018<br>DOB 09.03.2001 | स्व श्री अशोक कुमार मित्तल<br>अध्यापक लेवल–1<br>रा.उ.मा.वि. भदलाव,<br>सवाईमाधोपुर | 10.05.2021 | अविवाहित पुत्र | 09.06.2021<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 13 | श्री गजेन्द्र मेघवाल्<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2013<br>DOB 07.07.1995 | स्व श्री खेमा राम<br>कनिष्ठ सहायक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कातरछोटी (बीदासर) चूरू | 25.09.2021 | विवाहित<br>पुत्र | 28.10.2021<br>Lab<br>Assistant | उदयपुर |
| 14 | श्री अंशुल<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2019<br>DOB 31.03.2002 | स्व श्री चरणदास जाटव<br>वरिष्ठ अध्यापक<br>राजकीय माध्यमिक विद्यालय छलियावाड़, पं.स. छोटी सरवण, बांसवाडा | 07.10.2019 | अविवाहित<br>पुत्र | 23.06.2020<br>Lab<br>Assistant | दौसा |
| 15 | श्री धर्मसिंह<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2017<br>DOB 14.07.2000 | स्व श्री पूर्णसिंह<br>प्रयोगशाला परिचारक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अनूपगढ़, श्रीगंगानगर | 20.11.2021 | अविवाहित<br>पुत्र | 27.01.2022<br>Lab<br>Assistant | राजसमन्द |
| 16 | श्री संदीप सहू<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2013<br>DOB 11.08.1997 | स्व श्री भँवरलाल<br>हैड कानि. 29<br>पुलिस थाना खुईयां<br>जिला हनुमानगढ | 19.09.2020 | पुत्र<br>अविवाहित | 12.11.2020<br>Lab<br>Assistant | बीकानेर |
| 17 | सुश्री ज्योति सिंह<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2014<br>DOB 12.08.1996 | स्व श्री दिनेश सिंह<br>वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान)<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुडली–नाड़ी (सिणधरी) बाड़मेर | 13.08.2021 | पुत्री अविवाहित | 18.10.2021<br>Lab<br>Assistant | बाड़मेर |
| 18 | श्री पीयूष शर्मा<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2014<br>DOB 28.12.1998 | स्व. श्री प्रमोद कुमार शर्मा<br>व्याख्याता<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैला देवी, करौली | 29.12.2021 | पुत्र अविवाहित | 21.02.2022<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 19 | सुश्री पायल साहु<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2019<br>DOB 01.06.2002 | स्व. श्री विष्णु प्रकाश तेली<br>अध्यापक लेवल–02<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसाड़िया, अजमेर | 18.02.2022 | पुत्री<br>अविवाहित | 24.03.2022<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 20 | श्री निशान्त जोशी<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2009<br>DOB 13.06 1992 | स्व. श्री युगल किशोर शर्मा<br>सहायक प्रशासनिक अधिकारी<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढसूक अराई, अजमेर | 07.11.2021 | पुत्र<br>विवाहित | 24.11.2021<br>Lab<br>Assistant | राजसमन्द |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | श्री हिमांशु यादव<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2018<br>DOB 29.10.2001 | स्व. श्री अनिल कुमार यादव<br>प्रधानाचार्य<br>कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक–कोटपुतली, जयपुर | 28.10.2021 | पुत्र<br>अविवाहित | 31.12.2021<br>Lab<br>Assistant | बारां |
| 22 | श्री लक्ष्य बसंल<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2020<br>DOB 11.10.2003 | स्व. श्री रतनलाल बसंल<br>वरिष्ठ अध्यापक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 15 ईलडीए, श्रीविजयनगर | 16.05.2021 | पुत्र<br>अविवाहित | 21.06.2021<br>Lab<br>Assistant | बीकानेर |
| 23 | श्री संजय यादव<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2016<br>DOB 29.01.1999 | स्व. श्री कैलाश चन्द्र यादव<br>वरिष्ठ अध्यापक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोरू छोटी, लक्ष्मणगढ़, सीकर | 28.11.2021 | पुत्र अविवाहित | 27.12.2021<br>Lab<br>Assistant | उदयपुर |
| 24 | सुश्री वैदर्भी जैन<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2020<br>DOB 25.07.2004 | स्व. श्री राजेश कुमार जैन<br>प्रधानाचार्य एवं समकक्ष पद<br>सहायक परियोजना समन्वयक कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर | 21.11.2021 | पुत्री<br>अविवाहित | 10.02.2022<br>Lab<br>Assistant | अलवर |
| 25 | श्री कमलेश कुमार<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2011<br>DOB 05.06.1994 | स्व. श्री किशोर सिंह रोजड़िया<br>अध्यापक<br>शहीद खड़गसिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय, नंगली, गुजरान, झुंझुनूं | 16.02.2022 | पुत्र<br>अविवाहित | 12.03.2022<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 26 | श्री लक्ष्मीकान्त मीणा<br>12वी विज्ञान<br>BSER-2019<br>DOB 01.07.2004 | स्व. श्री मुनीमचन्द मीणा<br>अध्यापक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साँईसर, बीकानेर | 18.05.2021 | पुत्र<br>अविवाहित | 03.07.2021<br>Lab<br>Assistant | अलवर |
| 27 | श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2017<br>DOB 08.06.2000 | स्व. श्री निरंजन सिंह शेखावत<br>वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांतारामगढ़, खाटूश्यामजी, सीकर | 07.03.2022 | पुत्र<br>अविवाहित | 13.04.2022<br>Lab<br>Assistant | बूंदी |
| 28 | श्री योगेन्द्र सिंह राठौड़<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2021<br>DOB 14.09.2003 | स्व. श्री उदयसिंह<br>शारीरिक शिक्षक ग्रेड–III<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदाणा, पं.स.–सिवाणा, बाड़मेर | 14.12.2021 | पुत्र<br>अविवाहित | 15.01.2022<br>Lab<br>Assistant | उदयपुर |

नोट :– क्रम संख्या 09, 14 एवं 26 के प्रकरणों में राज्य सरकार से वांछित शिथिलन प्राप्त है।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर